# भारतीय रिज़र्व बैंक
# मानव संसाधन प्रबंध विभाग
# नागपुर

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**1.** विदर्भ क्षेत्र के लिए आईसीएआई में पंजीकृत श्रेणी-। चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों से दो बोली प्रणाली के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए अर्थात 01 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर के लिए समवर्ती लेखा परीक्षक की नियुक्ति हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**2.** इच्छुक बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने से पहले कार्य के दायरे, निविदा के निबंधन और शर्तों को पढ़ना आवश्यक है।

**3.** निविदा प्रस्तुत करने से पहले, बोलीदाता पात्रता और उसमें निर्धारित अन्य मानदंडों के बारे में स्वयं को संतुष्ट कर सकते हैं। यह भी ध्यान दिया जाए कि यहां निर्दिष्ट नियम और शर्तें प्रकृति में सांकेतिक हैं और यह बैंक को सफल बोलीदाता के साथ करारनामे को निष्पादित करने के समय इस तरह के आगे या अन्य नियमों और शर्तों को बोलीदाता पर लागू करने या इन पर सहमत होने से या इसमें निहित नियमों और शर्तों को बदलने, संशोधित करने या छोड़ने के लिए कोई रोक नहीं लगाएगा जो इस निविदा के अंतर्गत सौंपे जाने वाले कार्य के सही और उचित निष्पादन के लिए आवश्यक समझे जाते हैं।

**4.** कोटेशन में सुधार, यदि कोई हैं को विधिवत अधिकृत व्यक्ति के पूर्ण हस्ताक्षर के साथ प्रमाणित किया जाएगा।

**5.** बोलीदाता के बोलीदाता/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेंगे।

**6.** पहले चरण में, तकनीकी बोली (भाग-I) 20 अगस्त, 2024 (दोपहर 03.00 बजे) को आरबीआई, नागपुर में खोली जाएगी। किसी भी बोलीदाता की बोली जिसने नियम और शर्तों में निर्धारित शर्तों में से एक या अधिक शर्त का अनुपालन नहीं किया है, तुरंत अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके बाद, चयनित तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन निविदा दस्तावेज में दी गई पद्धति के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में निर्णय भारतीय रिज़र्व बैंक के एकमात्र विवेकाधिकार पर होगा।

**7.** केवल उन्हीं बोलीदाताओं की वित्तीय बोली (भाग-II) खोली जाएगी जिन्हें प्रथम चरण अर्थात् तकनीकी बोली (भाग-I) में चयन किया गया है। जिन बोलीदाताओं का चयन किया गया है, उन्हें वित्तीय बोलियां खोलने की तारीख और समय के बारे में सूचित किया जाएगा।

**8.** तकनीकी और वित्तीय दोनों बोलियों में समवर्ती लेखा परीक्षक द्वारा इसमें कोई बदलाव/शर्तें निर्धारित नहीं की जाएंगी। **सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी और तुरंत अस्वीकृत कर दी जाएंगी।**

**9.** निविदा की तकनीकी बोली (भाग -1) खोलने की तारीख से 90 दिनों के लिए या निविदा को अंतिम रूप देने की तारीख तक, जो भी पहले हो, स्वीकृति के लिए खुली रहेगी।

**10.** बयाना जमा राशि : नियुक्ति को अंतिम रूप देने से पहले कुल संविदा का ईएमडी @ 2% एनईएफटी के माध्यम से सभी बोलीदाताओं से लिया जाएगा।

**11.** सफल बोलीदाता का ईएमडी जब्त कर लिया जाएगा यदि बोलीदाता:

**i.** प्रस्तुत किए गए प्रपत्रों, बयानों और अनुलग्नकों में भ्रामक या गलत जानकारी पेश करता है, किसी भी तथ्यात्मक जानकारी, अदालत में लंबित किसी भी कानूनी कार्यवाही का विवरण को छिपाता है जो अन्यथा पात्रता मानदंडों पर कोई असर डाल सकता था।

**ii.** बोली वैधता की अवधि के दौरान अपनी बोली वापस लेता है, या

**iii.** किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा ब्लैक लिस्ट में डाला गया है और ब्लैक लिस्ट अभी भी प्रभावी है।

**12.** सूचना की जालसाजी करने/छिपाने से बोलीदाता को अयोग्य घोषित किया जाएगा/संविदा की अवधि के दौरान कार्य सौंपे जाने के बाद भी संविदा रद्द कर दी जाएगी।

**13.** बोली की स्वीकृति को प्रभावित करने की दृष्टि से किसी व्यक्ति द्वारा प्रचार करना या लाभ की पेशकश करना या कोई अन्य प्रलोभन देना इस मामले में लागू संगत कानूनों के अंतर्गत अपराध होगा। इस तरह की कार्रवाई के परिणामस्वरूप अन्य दंडात्मक उपायों के अलावा, बोली अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**14.** बैंक सबसे कम निविदा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**15.** यदि बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह अपनी बोली प्रस्तुत करने से कम से कम दस दिन पहले प्रबंधक, एबीसीसी, एचआरएमडी से स्पष्टीकरण मांगेगा। ऐसा कोई स्पष्टीकरण, सभी ब्यौरे, जिन पर स्पष्टीकरण मांगा गया था, के साथ स्पष्टीकरण मांगने वाले बोलीदाता की पहचान का खुलासा किए बिना सभी बोलीदाताओं को भी भेजा जाएगा। बोलीदाता और बैंक के बीच सभी आपसी संवाद लिखित रूप में किए जाएंगे। बैंक द्वारा ऐसे किसी भी लिखित स्पष्टीकरण को छोड़कर, जिसे स्पष्ट रूप से प्रबंधक, एबीसीसी एचआरएमडी, आरबीआई नागपुर द्वारा जारी निविदा दस्तावेज के परिशिष्ट में कहा गया है,

बैंक के किसी अन्य कर्मचारी द्वारा कोई लिखित या मौखिक बयान, प्रस्तुति या स्पष्टीकरण अनुबंध के तहत बैंक को बाध्य या बाधित करने के लिए नहीं लिया जाएगा।

**16.** निविदा से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा/स्पष्टीकरण के लिए 05 अगस्त, 2024 को सुबह 11.00 बजे भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर में एक बोली- पूर्व बैठक आयोजित की जाएगी। **इस बैठक के लिए अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी**। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित बैठक में भाग लेने से पहले निविदा दस्तावेजों का अध्ययन कर लें।

---

## निविदा की अनुसूची

**नोट:** यह एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से एक सीमित टेंडर इन्क्वायरी है। बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपनी पात्रता की जांच करने के लिए सर्वप्रथम 'निविदा' लिंक के माध्यम से हमारी वेबसाइट https://www.rbi.org.in पर जाएं। आवेदन करने की इच्छुक पात्र फर्मों को एमएसटीसी पोर्टल (www.mstcecommerce.com/eprocn) पर स्वयं को पंजीकृत करना आवश्यक है और केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **I.** | ई-निविदा संख्या | आरबीआई/नागपुर क्षेत्रीय कार्यालय/ एचआरएमडी/1/24-25/ET/264 |
| **II.** | निविदा का प्रकार | www.mstcecommerce.com/eprocn के माध्यम से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (ऑनलाइन भाग । – तकनीकी बोली और भाग ॥ - वित्तीय बोली |
| **III.** | आरबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध डाउनलोड करने के लिए ई-निविदा आमंत्रण सूचना की तिथि | 26 जुलाई, 2024 15.00 बजे से |
| **IV.** | बोली-पूर्व बैठक | 05 अगस्त, 2024 11.00 प्रात: (ऑफलाइन मोड में) |
| **V.** | बोली-पूर्व बैठक का स्थान | भारतीय रिज़र्व बैंक<br>मुख्य कार्यालय भवन<br>पहली मंजिल सम्मेलन कक्ष,<br>डॉ. राघवेंद्र राव रोड<br>सिविल लाइंस, पी.बी.नं.15,<br>नागपुर - 440 001 |

| | | |
|---|---|---|
| **VI.** | निविदा का अनुमानित मूल्य अर्थात, न्यूनतम पारिश्रमिक शुल्क (प्रति माह) | ₹1,36,000/- प्रति माह (सभी लागतों सहित और जीएसटी को छोड़कर) अर्थात 12 महीनों के लिए 16,32,000 रुपये (सभी लागतों सहित और जीएसटी को छोड़कर) |
| **VII.** | बयाना जमा राशि (ईएमडी) | ₹38,515/- (अनुमानित लागत का 2%)<br><br>सभी बोलीदाताओं द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर के पक्ष में एनईएफटी के माध्यम से 20 अगस्त, 2024 की दोपहर 12 बजे तक जमा किया जाना है।<br><br>एनईएफ़टी का विवरण -<br>लाभार्थी का नाम : भारतीय रिज़र्व बैंक<br>लाभार्थी खाता संख्या – 8714295<br>आईएफ़एससी कोड – RBIS0NGPA01<br>(5वां और 10वां अंक शून्य है)<br><br>{नोट: एनईएफटी लेनदेन टिप्पणियों में वेंडर का नाम/कंपनी का नाम का उल्लेख करें} |
| **VIII.** | लेन- देन शुल्क | एमएसटीसी पोर्टल में उल्लिखित लेनदेन शुल्क का भुगतान, एमएसटीसी लिमिटेड के पक्ष में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा एमएसटीसी भुगतान गेटवे के माध्यम से होगा। बोलीदाता लेनदेन शुल्क की लागत वहन करेगा। |
| **IX.** | एमएसटीसी पोर्टल पर ई-निविदा (तकनीकी और वित्तीय बोली) के ऑनलाइन प्रस्तुत करने की **शुरुआत का दिनांक और समय** | 26 जुलाई, 2024, 15.00 बजे से |
| **X.** | एमएसटीसी पोर्टल पर ई-निविदा (तकनीकी और वित्तीय बोली) के ऑनलाइन प्रस्तुत करने की **समाप्ति का दिनांक और समय** | 20 अगस्त, 2024 14.00 बजे |
| **XI.** | भाग - I (तकनीकी बोली) खोलने का समय और दिनांक | 20 अगस्त, 2024 15.00 बजे |
| **XII.** | भाग - II (वित्तीय बोली) खोलने की दिनांक | भाग-II (वित्तीय बोली) केवल उन्हीं बोलीदाताओं की इलेक्ट्रॉनिक रूप से खोली जाएगी जिनकी भाग-I (तकनीकी बोली) भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर द्वारा स्वीकार्य पायी गई है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | ऐसे बोलीदाता या बोलीदाताओं को उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई मान्य ई-मेल आईडी पर भाग-॥ (वित्तीय बोली) खोलने की तारीख के बारे में सूचित किया जाएगा। |

**(i)** बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और किसी भी नियम और शर्तों में ढील देने का अधिकार भी है।

**(ii)** किसी भी बोलीदाता के पास उनकी बोली की अस्वीकृति के लिए बैंक के विरुद्ध कार्रवाई अथवा दावे का कोई कारण नहीं होगा।

**(iii)** इस निविदा के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सभी सूचनाएं भारतीय रिज़र्व बैंक की सम्पत्ति होंगी और वह अपनी इच्छानुसार इसके प्रयोग करने के विचार के लिए स्वतंत्र होगा ।

**नोट: यह नोटिस केवल सूचना के लिए प्रकाशित किया जा रहा है और इस सीमित निविदा में कोटेशन देने के लिए खुला आमंत्रण नहीं है। इस निविदा में भागीदारी केवल आमंत्रण द्वारा है और चयनित खरीद इकाई के सूचीबद्ध संविदाकारों तक सीमित है। अवांछित प्रस्तावों को अनदेखा किया जा सकता है। तथापि, जो संविदाकार भविष्य में ऐसी निविदाओं में भाग लेना चाहते हैं, वे प्रक्रिया अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के पास सूचीबद्ध होने के लिए आवेदन कर सकते हैं।**